बीजेपी चाहे तो बर्खास्त कर दे : पंकजा मुंडे ▸p9

NBT

नवभारत टाइम्स

COOLWINKS

लाए हैं HAPPYTIMES

अब हर कोई जीतेगा इनाम। हैपी टाइम्स खेलने वाले हर प्रतिभागी* को मिलेगा `500 का कूलविंक्स वाउचर। हर दिन 2000 विजेता जीतेंगे `1000 (कम से कम 1000 रुपये के खर्च पर) के कूलविंक्स वाउचर्स। अपने पॉइंट्स को बदलें 5X TIMESPOINTS में। इन टाइम्सपॉइंट्स से आप जीत सकते हैं शानदार इनाम।

इनामों की बारिश हो रही है। रोजाना खेलें हैपी टाइम्स और जीतें ई-बाइक मंथली ड्रॉ में या हर रविवार 12000 टाइम्स पॉइंट्स।

#HowCoolIsThat नजर को बनाएं दुरुस्त और स्टाइलिश COOLWINKS के साथ

सारे जवाब इसी अंक में ढूंढें। प्रतियोगिता सुबह 7 AM से 11 AM तक खुलती है।

*शर्तें लागू : www.nbthappytimes.com

NBT में विज्ञापन देने के लिए 1800 120 5474 पर कॉल करें । अखबार की अपनी कॉपी प्राप्त करने के लिए कॉल करें 1800 1200 004 या जाएं subscribe.timesgroup.com पर

हेलिकॉप्टर से भी पहुंच सकेंगे नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट

एनसीआर से कनेक्टिविटी के लिए राइट्स ने यमुना अथॉरिटी और नियाल के अधिकारियों को सौंपी रिपोर्ट

■ एनबीटी न्यूज, ग्रेटर नोएडा

जेवर के पास बनने वाले नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट व एनसीआर के शहरों के बीच लोगों का आना-जाना बेहद आसान होगा। दोनों एयरपोर्ट को लिंक करने के लिए जहां रैपिड रेल, मेट्रो व सड़क मार्ग से कनेक्टिविटी दी जाने की योजना है, वहीं हेलिकॉप्टर से भी पैसेंजर दोनों एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर सकेंगे। इसको लेकर राइट्स ने अपनी सर्वे रिपोर्ट यमुना अथॉरिटी और नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) को सौंपी है।

एयरपोर्ट के निर्माण का कॉन्ट्रैक्ट ज्यूरिख कंपनी को सौंपा गया है। कंपनी जल्द की प्रॉजेक्ट पर काम शुरू करेगी। इस एयरपोर्ट को दिल्ली के आईजीआई व एनसीआर के सभी शहरों से जोड़े जाने की तैयारी भी शुरू हो गई है। इसके लिए यमुना अथॉरिटी ने राइट्स को सर्वे कर रिपोर्ट देने को कहा था। राइट्स ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट यमुना अथॉरिटी के अधिकारियों को सौंप दी है। जिसमें हेलिकॉप्टर, रैपिड रेल, मेट्रो और सड़क मार्ग से कनेक्टिविटी की बात कही गई है।

■ नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद हेलिकॉप्टर से सीधे आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचेंगे यात्री

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से भी होगा कनेक्ट

जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से भी कनेक्ट करने की योजना है। इसे हरियाणा में बल्लभगढ़ बाईपास पर कनेक्ट किया जाएगा। जेवर से बल्लभगढ़ के बीच 30 से 40 किलोमीटर लंबी सड़क बनाने की जरूरत है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे सोहना से डीएनडी फ्लाईओवर के जरिए बल्लभगढ़ में कनेक्ट होगा। इसके लिए एनएचएआई स्टडी कर रही है।

हेलिकॉप्टर सेवा

राइट्स ने सर्वे रिपोर्ट में जेवर और आईजीआई एयरपोर्ट के बीच यात्रियों के आने-जाने के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करने का भी सुझाव दिया है। इसके तहत नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से पैसेंजर हवाई जहाज से उतरेंगे और हेलिकॉप्टर से सीधे आईजीआई एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे।

रोड कनेक्टिविटी

जेवर एयरपोर्ट को आईजीआई एयरपोर्ट और एनसीआर के शहरों से जोड़ने के लिए खुर्जा-पलवल के बीच 67 किलोमीटर लंबा रोड बनाया जाएगा। यह रोड पलवल से आगे मानेसर को कनेक्ट करेगा। मानेसर से आगे यह सीधे आईजीआई एयरपोर्ट से जुड़ जाएगा। इससे यूपी, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के यात्रियों को फायदा होगा।

मेट्रो लाइन बनाकर

यूरो सिटी से साउथ दिल्ली तुगलकाबाद होते हुए आने वाली मेट्रो नोएडा सेक्टर 142 के पास एक्वा लाइन में आकर जुड़ जाएगी। यहां से पैसेंजर जेवर एयरपोर्ट तक सीधे मेट्रो से पहुंच सकेंगे। ग्रेनो के नॉलेज पार्क-2 से जेवर एयरपोर्ट तक करीब 35 किमी का मेट्रो रूट होगा।

रैपिड रेल नेटवर्क

रैपिड रेल प्रॉजेक्ट को जेवर एयरपोर्ट, ग्रेनो, नोएडा होते हुए दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल रूट के न्यू अशोक नगर (दिल्ली) स्टेशन से कनेक्ट करने की योजना है। यह रूट दिल्ली से मेरठ के लिए बनाया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट से यह रूट करीब 51 किमी लंबा होगा।

> “नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए स्विस कंपनी ज्यूरिख को चुना गया है। चार महीने बाद काम शुरू होना है। 2023-24 तक जेवर एयरपोर्ट से उड़ान शुरू करने की योजना है। एयरपोर्ट के निर्माण से पहले एनसीआर व आसपास के लोगों को एयरपोर्ट तक लाने-ले जाने के लिए कनेक्टिविटी बेहतर करने पर काम शुरू हो गया है। राइट्स की रिपोर्ट की स्टडी की जा रही है।
>
> *-डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना अथॉरिटी व नियाल*